जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांकःजीवि/परीक्षा–2/गोप./2012/1879 दिनांक : 09/10/2012

प्रति,

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

विषय – परीक्षा आवेदन–पत्र अग्रेषण शुल्क तथा परीक्षा केन्द्र व्यय का भुगतान सीधे महाविद्यालय में रसीद काट्कर लिये जाने बावत्

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2012–13 में प्रवेशित स्नातक/स्नातकोत्तर (नियमित/एटीकेटी एवं असंस्थागत) परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन–पत्र ऑनलाइन भरवाने की प्रक्रिया प्रारम्भ हो रही है। विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न महाविद्यालयों को छात्रों के परीक्षा आवेदन–पत्र अग्रेषण करने के लिये 40/– रूपये प्रति छात्र के हिसाब से अग्रेषण शुल्क तथा परीक्षों केन्द्रों को सुचारू रूप से परीक्षाएँ संचालित कराने के लिये परीक्षा केन्द्र व्यय 70/– रूपये प्रति छात्र के हिसाब से भुगतान किया जाता है।

ज्ञात हो कि पिछले कई वर्षों से छात्रों का परीक्षा आवेदन–पत्र अग्रेषण शुल्क तथा परीक्षा केन्द्र व्यय का भुगतान परीक्षा समाप्त होने के उपरान्त विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा किया जाता है, जिसके भुगतान प्रक्रिया में समय लग जाता है और महाविद्यालय तथा परीक्षा केन्द्रों द्वारा लगातार कई वर्षों से यह शिकायत की जा रही है कि हमारा भुगतान समय पर नहीं होता है।

समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों को निर्देशित किया जाता है कि विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा आवेदन–पत्र अग्रेषण शुल्क 40/– रूपये प्रति छात्र तथा परीक्षा केन्द्र व्यय 70/– प्रति छात्र (यानि कुल 110/– रूपये प्रति छात्र) की राशि ऑनलाइन चालान फार्म से कम किया जा रहा है।

प्राचार्यगण यह सुनिश्चित करें कि आपके महाविद्यालय में अध्ययनरत् छात्र–छात्राओं से चालान फार्म में दर्शायी राशि के अतिरिक्त 110/– रूपये की अलग से रसीद काट्कर ले लें और उसमें से अग्रेषण शुल्क (Farm Forwarding) के रूप में ली जाने वाली 40/– रूपये की राशि महाविद्यालय स्वयं रख लें और परीक्षा केन्द्र व्यय 70/– रूपये प्रति छात्र ली जाने वाली राशि का भुगतान संबंधित परीक्षा केन्द्र पर कर दें।

विश्वविद्यालय द्वारा जारी अधिसूचना क्रमांक जीवि/परीक्षा–2/गोप./2012/1868–69 दिनांक 08.10.2012 के अनुक्रम में स्नातक–बी.ए./बी.कॉम./बी.एससी./बी.एससी. होम साइंस (नियमित एवं ए.टी.के.टी. एकल प्रश्न–पत्र प्रणाली) प्रथम सेमेस्टर परीक्षा नंवबर–2012 तथा अधिसूचना क्रमांक जीवि/परीक्षा–2/गोप.2012/1870–71 दिनांक 08.10.2012 के अनुक्रम में स्नातक– बी.ए./बी.कॉम./बी.एससी./बी.एससी. होम साइंस असंस्थागत (only for PRIVATE STUDENTS) प्रथम सेमेस्टर परीक्षा नवंबर–2012 के परीक्षा आवेदन–पत्र भरने की तिथियां घोषित की गयी हैं। **उपर्युक्त वर्णित स्नातक कक्षाओं के परीक्षा आवेदन–पत्र के साथ निकलने वाले चालान फार्म में 110/– प्रति छात्र कम कर दर्शायी गयी है, जिसका भुगतान महाविद्यालयों द्वारा अलग से रसीद काट्कर लिया जाना है।**

क्रमशः 2

अतः आगामी होने वाली विश्वविद्यालयीन परीक्षाओं में अगर किसी परीक्षार्थी से महाविद्यालय द्वारा अगेषण शुल्क एवं परीक्षा केन्द्र व्यय की राशि नहीं ली जाती है तो उसका समस्त उत्तरदायित्व संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य का होगा।

भ व दी य,

कुलसचिव,

प्रतिलिपिः–

1. माननीय कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
2. कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
3. वित्त नियंत्रक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
4. सहायक कुलसचिव (वित्त), जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
5. प्रभारी, नामांकन शाखा, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
6. वेबसाइट प्रभारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

उप–कुलसचिव (गोपनीय/परीक्षा)